लापरवाही | विद्यार्थी पंचायत भवन में अध्ययन करने हुए विवश, शाम 7 बजे स्लैब गिरने से बड़ा हादसा टला

भरभराकर गिरा सिंगारसत्ती शाला का छज्जा

डिंडोरी नवभारत 29 जुलाई। हाल ही में राजस्थान के झालावाड़ स्कूल की घटना से सिस्टम उबरा भी नहीं था कि मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचल डिंडोरी जिले की बजाग तहसील मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिंगारसत्ती की एकीकृत माध्यमिक शाला में गिरे स्लैब ने जिले के शासकीय विद्यालयों की दुर्दशा को उजागर कर दिया है, वह तो भला हो कि शाला का एक बड़ा हिस्सा सोमवार की शाम लगभग 7 बजे के आसपास गिरा, अन्यथा घटना की भयावहता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। बहरहाल यहां यह भी विचारणीय है कि जहां एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की कवायद में लगी है तो वही अच्छे खासे और सजे धजे स्कूलों की छतें भरभरा कर गिर रही हैं। स्कूल हेडमास्टर की माने तो स्कूल में कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के बच्चे अध्ययनरत है और इन आठ कक्षाओं का संचालन महज पांच शिक्षक कर रहे हैं, जिनमें से तीन नियमित है तो दो शिक्षक बतौर अतिथि स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह स्थिति आदिवासी अंचल के एक या दो स्कूलों की नहीं बल्की ऐसे स्कूल सैंकड़ों की तादाद में हैं, जिन्हें मरम्मत की दरकार है, लेकिन ऐसे स्कूलों की मरम्मत कब और कैसे होगी यह बड़ा सवाल है।

लगभग 22 वर्ष पूर्व बना था भवन

स्कूल में अध्ययन करा रहे एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण लगभग 22 वर्ष पूर्व ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग की निगरानी में किया गया था, यदि ऐसा है तो निश्चित तौर पर विभाग जांच के दायरे में है कि आखिर निर्माण के दौरान ऐसी क्या लापरवाही बरती गई कि इतने कम समय में भवन जमींदोज होने की स्थिति में जा पहुंचा।

कहां गया बजट?

बता दें कि आदिवासी अंचल के अधिकांश स्कूल जर्ज़र हालत में हैं और वर्षों से इन स्कूलों की मरम्मत को लेकर राज्य सरकार द्वारा लाखों-करोड़ों रुपये इनकी मरम्मत पर पानी की तरह बहाये जाते हैं, बावजूद इसके यदि इन स्कूलों में सुधार नहीं किया जाता तो दोषी कौन है? लिहाजा सिंगारसत्ती स्कूल की मरम्मत पर शिक्षा विभाग द्वारा अब तक कितनी राशि कब और किस कार्य पर व्यय की गई, यह देखना भी अनिवार्य है।

पंचायत भवन के अन्य कमरों को खाली कराया जा रहा

स्कूल भवन कि जर्ज़र हालत देख आगे कोई हादसा न हो और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो तो स्कूल के नजदीक ही पंचायत भवन के एक कमरे में बच्चों को अध्ययन कराया जा रहा है. पंचायत भवन छोटा है तो पंचायत भवन के ही अन्य कमरों को खाली कराया जा रहा है, ताकि सारे बच्चों की तात्कालिक व्यवस्था कि जा सके।

शासकीय हाई स्कूल बरौदा में पौधरोपण

पनागर नवभारत। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण में संतुलन और शुद्ध बनाने हेतु जनहित में चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम के तहत इसी श्रृंखला में हरियाली तीज को शासकीय हाई स्कूल बरौदा पनागर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हरियाली तीज से प्रारंभ कर शाला प्रांगण में फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्षों का रोपण शाला के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार पटेल, के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें आंवला, कैथा, नींबू, नीम, सहजन, अशोक, जामुन अश्वगंधा आम अमरूद सहित 40 फलदार एवं फूलदार पौधों का भी रोपण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में शाला परिवार के शिक्षक गण अनीता पैगवार, श्रीमती मीरा ठाकुर, श्रीमती वर्षा जाट, उमाशंकर पटेल, अशफाक उमर श्रीमती, पूजा पटेल, सहित समस्त छात्र छात्राओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम से रोपण कर उक्त पौधे पौधों की देखभाल करने का संकल्प किया गया उक्त पौधे के रोपण से शाला प्रांगण हरियाली से परिपूर्ण हो गया। उक्त पौधारोपण में शिक्षक इंद्र सिंह राजपूत द्वारा पौधे उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

संस्कारधानी में विशाल निरंकारी संत समागम 3 को

जबलपुर। सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से संस्कारधानी जबलपुर में 3 अगस्त 2025 को कृषि उपज मंडी, शेड नं. 9, 10, 14 में सुबह 11 से 2 बजे तक निरंकारी राजपिता के पावन सनिध्य में विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशाल आध्यात्मिक उत्सव में जबलपुर, सिहोरा, नैनपुर, दमोह, छिंदवाड़ा, सिंगरोली।सीधी, कटनी, शहडोल आदि आदि स्थानों से हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल होंगे। जबलपुर के सभी प्रभु प्रेमियों को इस आध्यात्मिक संत समागम में अपनी उपस्थिति के लिए आमंत्रित किया है।

5 दिवसीय फेब्रिक,क्ले ज्वेलरी कार्यशाला का शुभारंभ

पनागर नवभारत। महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 05 दिवसीय नि:शुल्क फेब्रिक/क्ले ज्वलेरी/बेग पेंटिग कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के जैन, प्रशासनिक अधिकारी अवधेश दुबे, ट्रेनर श्रीमती श्रिया जैन द्वारा मां सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्जवलन से आरंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य जैन जी द्वारा विद्यार्थियों को आशीषवचन के रूप में उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि भविष्य में रोजगार स्वयं पैदा करें और दूसरों को भी प्रेरित करें कि किस प्रकार अपने हुनर के माध्यम से लाभ और सफलता दोनों प्राप्त कर सकते है। श्रीमती श्रिया जैन ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत नामदेव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मोनिका मसीह स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ. गायत्री मरावी, डॉ. सीमा पटारिया, डॉ. लोकेन्द्र कुमार बोरकर, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. अंकिता पाठक, डॉ. वर्षा शर्मा एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का सहयोग सराहनीय रहा।

बृजमोहन पाठक की पुण्य तिथि पर बस्ता वितरण

जबलपुर नवभारत। सराफा एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री स्व. पं. बृजमोहन पाठक (बबलू भैया) की दसवीं पुण्यतिथि पर दीक्षितपुरा प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों को स्कूल बस्ता और अन्य सामग्री वितरित की गई। प्रारंभ में उपस्थित जनों ने स्व. बृजमोहन पाठक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की संकल्प और सिद्धांत पाठक द्वारा आयोजित उक्त आयोजन में आशीर्वचन देते हुए पं. रोहित दुबे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बिछुड़े हुए परिजन की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के साथ ही उनकी आत्मा को संतुष्ट करते हैं। मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने पाठक परिवार के साथ अपने प्रगाढ़ संबंधों का उल्लेख करते हुए स्व. पाठक के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष अजय बख्तावर वरिष्ट पत्रकार रवीन्द्र वाजपेयी, सतीश तिवारी पार्षद हर्षित यादव, पूर्व पार्षद अमित जैन, संदीप जैन, गुड्डा अग्रवाल, श्रीमती प्रेमलता तिवारी, श्रीमती ममता पाठक, श्रीमती दिव्या पाठक, श्रीमती आकांक्षा पाठक, सुनील सोनी , सुनील जैन , शिवा रजक आदि उपस्थित थे।

नशा के खिलाफ जनजागरूकता पैदल

जबलपुर नवभारत। 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर द्वारा रांझी में नशा मुक्ति अभियान के तहत 6वीं बटालियन कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी (के नेतृत्व में एक विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में पोस्टर, पंपलेट के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा 'नशे से दूरी है जरूरी 'हमारा है यही संदेश, नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश जैसे नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई गई। रैली में डिप्टी कमांडेंट अभिषेक राजन, लामू सिंह श्याम, असिस्टेंट कमांडेंट एम. पी. सिंह, मेहंती मरावी, विजय कुमार अंभोरे, एड्ज्युटेंट सुबोध लोखंडे, निरीक्षक विजय मेहरा, स्वरूप सिंह उईके, सुनील सिंह, धन्नू सिंह, सामग्री अध्यक्ष हितेश फुलझेले, सुबेदार मेजर बिलर सिंह जमरा, पीटीएस में प्रशिक्षणरत नव आरक्षक, पीटीएस स्टाफ एवं अनुसचिवीय बल सहित 405 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

भारत रक्षा मंच में पदाधिकारियों की हुई नियुक्तियां

जबलपुर नवभारत। भारत रक्षा मंच ,महाकौशल प्रांत के सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे द्वारा युवा प्रकोष्ठ महा नगर संगठन मंत्री आशीष शुक्ला की अनुशंसा तथा मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी.तिवारी की सहमति से जबलपुर महानगर युवा प्रकोष्ठ में विविध नियुक्तियां की गई हैं। जिनमें डॉ. सचिन बुधौलिया को महामंत्री, अभिषेक तिवारी को उपाध्यक्ष ,प्रशांत रैकवार को उपाध्यक्ष,नरेंद्र अहिरवार को मंत्री,जयंत चौबे को ग्रामीण महामंत्री तथा साहिल विश्वकर्मा को ग्रामीण उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। मंच के महाकौशल प्रांत कार्यालय में संपन्न बैठक में उक्त दायित्व देते हुए नवीन पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि ये पदाधिकारी राष्ट्रहित में कार्य करते हुए संगठन के विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सतत् प्रयत्नशील रहेंगे।

खिलाड़ियों को नशे से दूरी की दिलाई शपथ

जबलपुर नवभारत। नशे से दूरी, है जरूरी शीर्षक से चल रहे नशा मुक्ति जनजागरण अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में मदनमहल थाना अंतर्गत राईट टाउन स्टेडियम में खिलाडियों को एकत्रित कर नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुये नशे से दूर रहने की समझाईश देते हुये नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। गढा थाना अंतर्गत गौतम मढिया स्थित ताईक्वांडो खिलाडियों एवं तक्षशिला कालेज के पास मैदान में खिलाडियों एवं अन्य लागो को एकत्रित कर नशे के दुष्परिणामों को बताया गया। खमरिया अंगर्तत शासकीय हायर सैकेन्ड्री स्कूल पिपरिया में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे से दूरी है जरूरी की समझाइश दी गई एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। कटंगी अतर्गत स्टेडियम के पास युवाओं को एकत्रित कर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुये नशे से दूरी है जरूरी, नशे को कहें ना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

आठ बदमाश गिरफ्तार, सात चाकू, एक तलवार जप्त

जबलपुर। कोतवाली, घमापुर, गढ़ा पुलिस ने अवैध हथियार सहित 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से एक तलवार, सात चाकू जप्त किए गए। गढ़ा पुलिस ने बड्डा दादा ग्राउण्ड शासकीय स्कूल के समाने दबिश देकर शाहरूख शाह 24 वर्ष निवासी आनंद नगर गोहलपुर बताया एवं प्रेम डेहरिया 18 वर्ष निवासी नारायण नगर गढा को पकड़ा। तलाशी लेने पर शहरूख अपने पस एक तलवार एवं प्रेम डेहरिया चाकू रखे मिला? इसी प्रकार शारदा मंदिर रोड पर दबिश देते हुये मोह. अफजल 32 वर्ष निवासी रद्दी चौकी गोहलपुर को चाकू सहित एवं मोह. इरफान 28 वर्ष निवासी मोतीनाला गोहलपुर को चाकू सहित बलेसिंग रॉक के पास दबिश देते हुये सोहेब अख्तर 23 वर्ष निवासी नालबंद मोहल्ला गोहलपुर को चाकू सहित पकडा गया ।

वर्तिका के काव्यपटल का विमोचन

जबलपुर, नवभारत। प्रकृति में छाया हरा-भरा वातावरण कवियों को सृजन की प्रेरणा देता हैं। कविताओं के माध्यम से हरियाली का अभिनंदन करना और प्रकृति के संरक्षण का संदेश देना प्रेरणास्पद है। तदाशय के उद्गार वर्तिका संस्था के तत्वावधान में त्रिमूर्तिकला केन्द्र विजय नगर में आयोजित सुवीर श्रीवास्तव वीर एवं डॉ. मुकुल तिवारी के काव्य पटल का लोकापर्ण करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कलाकार ध्रुव गुप्ता थे। अध्यक्षता डॉ.कौशल दुबे ने की। विशिष्ठ अतिथि निरंजन द्विवेदी, डॉ. मृदुला सिंह, डॉ. संध्या जैन श्रुति थी। समारोह में कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने पर कथक नृत्यांगना डॉ.दिव्या चौबे के साथ डॉ. मुकुल तिवारी, सुवीर श्रीवास्तव एवं रचनात?मक कार्यों के लिए जानकी नगर वूमेन्स क्लव को सम्मानित किया । द्वितीय सोपान में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने काव्य रस वर्षा की।

रजिस्ट्री गुमी

मैं, ओम प्रकाश महावर पिता विनोद महावर निवासी- दुर्गा नगर, रामपुर, जबलपुर म.प्र. का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि-1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ 2. यह कि मौजा नयागांव, नं.बं. 726 प.ह.नं. 28/32, नया 8, रा.नि.मं. जबलपुर-1, शंकर शाह नगर वार्ड, नया गांव, नेशनल हाउसिंग सोसायटी, तह. व जिला जबलपुर में निर्मित नेशनल कॉलोनी के प्लाट नं. 42 रकवा 1488 वर्गफुट जो कि क्रेता रणधीर कुमार पासवान पिता श्री रामायण पासवान एवं विक्रेता राजेन्द्र कुमार प्रजापति पिता श्री जगमोहन प्रजापति, उमेश कुमार महावर पिता श्री विनोद कुमार महावर के नाम पर है, जिसकी रजिस्ट्री की मूल प्रति मुझसे दुर्गानगर के पास कहीं गुम हो गई, जो कि बहुत ढूंढने पर नहीं मिली। रजिस्ट्री का ई-पंजीकरण संख्या एम.पी. 182542020 ए 1184911 एवं दिनांक 08.03.2020 है यदि किसी व्यक्ति के द्वारा उपरोक्त रजिस्ट्री का दुरूपयोग किया जाता है तो उसकी जबावदारी मेरी नहीं होगी। जिस किसी भी सज्जन को मिले कृपया 07 दिवस के अंदर मुझे सूचित करने का कष्ट करें। पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा। जबलपुर दिनांक 30.07.2025

भवदीय- **सूचनाकर्ता -ओम प्रकाश महावर**

रामपुर जबलपुर मो.- 9301974305

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)

Tel No:0761 - 2702473, 2702442 e-mail: cepurez@yahoo.in

CIN: U40109MP2002SGC015120

No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/1060 **ONLINE TENDER** Jabalpur, dtd:- 21.07.2025

Online Tenders are invited for following items:-

Sr. No.	T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM-EZ/PUR	NAME OF ITEMS	APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs)	TENDER FEE (in Rs)	Due date & times of Opening of Tender online from 15.00 Hrs (*)
1.	TS-1602 (e-Tender No. 2025_PKVVC_ 437961_1)	H-Beam	692.74	11800	13/08/2025
2.	TS-1604 (e-Tender No. 2025_PKVVC_ 438876_1)	Various Steel Sections	591.57	11800	13/08/2025

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno- commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates.

For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW

"बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें" C.G.M. (S&P)

संस्कारों को सहेजती, कुश्ती कला का प्रदर्शन

जबलपुर नवभारत। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांझी जबलपुर में आज नाग पंचमी पर्व पर भगवान भोलेनाथ, महावीर हनुमान जी और नाग देवता का पूजन कार्यक्रम किया गया । तत्पश्चात विद्यालय के नर्सरी से 12वीं तक छात्र भाइयों ने कुश्ती की प्रतियोगिता में अपने कौशल और बल का प्रदर्शन किया। कुश्ती की इस प्रतियोगिता ने सभी को रोमांचित और उत्साहित कर दिया । नाग पंचमी के कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष श्री विष्णु कांत ठाकुर जी व्यवस्थापक श्री राहुल सिंह चौहान जी भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य श्री पुष्पराज सिंह सेंगर जी मंडल महामंत्री श्री हेमराज सराठे जी प्राचार्य श्रीमती अर्पणा दुबे दीदी प्रधानाचार्य श्रीमती मोनिका सरकार दीदी अंग्रेजी माध्यम की प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंकी श्रीवास्तव दीदी प्रधानाचार्य श्री टेकराम गोल्हानी जी पाली प्रमुख श्री प्रताप रजक जी, समस्त आचार्य परिवार एवं अभिभावक और विद्यालय के सभी भैया बहन उपस्थित रहे । अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह जी श्री संतोष पटेल जी ने सभी को नाग पंचमी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की । ढोल की थाप पर जोशीले छात्रों ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन किया । श्रीमती सारिका कुशवाहा और श्रीमती प्रमिला लखेरा दीदी ने पूजन और मंच व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया । कुश्ती के प्रभारी श्री घनश्याम पटेल जी और श्री यदुवेंद्र यादव जी रहे । आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती अर्पणा दुबे जी ने किया ।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02,

डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)

E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 09/2025-26 (1) निर्माण कार्य अर्द्धशहरी पुलिस थाना भवन गोराबाजार, जिला जबलपुर, ऑनलाइन निविदा क्र. (2025_MPPHC_440292_1) (2) निर्माण कार्य अर्द्धशहरी पुलिस थाना भवन बाकल, जिला कटनी, ऑनलाइन निविदा क्र. (2025_MPPHC_440294_1) (3) निर्माण कार्य अर्द्धशहरी पुलिस थाना भवन मेंहदवानी, जिला डिण्डौरी, ऑनलाइन निविदा क्र. (2025_MPPHC_440295_1) (4) निर्माण कार्य अर्द्धशहरी पुलिस थाना भवन रामनगर, जिला अनूपपुर, ऑनलाइन निविदा क्र. (2025_MPPHC_440296_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.08.2025 तक खरीद कर सायं 06:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/121318/2025 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	Pro-381 Date- 29/07/2025	संभाग क्रमांक-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में उमरिया मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	03 माह	2,000/-	15/08/2025
	2025_UAD_439783_1		₹ 2.53	2535/-	
2.	Pro-381 Date- 29/07/2025	संभाग क्रमांक-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में पिपरिया, मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	03 माह	2,000/-	15/08/2025
	2025_UAD_439783_2		₹ 2.52	2521/-	
3.	Pro-381 Date- 29/07/2025	संभाग क्रमांक-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में पिपरिया में श्री शिशुपाल यादव के घर से काशीग्रीन कालोनी के ग्रेट तक सड़क निर्माण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	02 माह	2,000/-	15/08/2025
	2025_UAD_439783_3		₹ 1.67	3350/-	
4.	Pro-381 Date- 29/07/2025	संभाग क्रमांक-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में सैनिक सोसायटी के सार्वजनिक स्थान पर शेड निर्माण कार्य।**(पार्षद अनुशंसा)**	03 माह	2,000/-	15/08/2025
	2025_UAD_439783_4		₹ 2.52	2527/-	
5.	Pro-381 Date- 29/07/2025	संभाग क्रमांक-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में पिपरिया में श्री संदीप यादव जी के घर से पिछले हिस्से से श्री जितेन्द्र यादव, प्रजापति के घर तक नाली निर्माण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	03 माह	2,000/-	15/08/2025
	2025_UAD_439783_5		₹ 01.66	3320/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर